NORTH CENTRAL RAILWAY EMPLOYEES SANGH

Registered, Recognised & Affiliated to N.F.I.R. & I.N.T.U.C.
Central Office : 464/B, Nawab Yusuf Road, Allahabad (U.P.)

No : NCRES/42/21 Date : 4.2.2021

डा0 एम. राघवैय्या जी
महामंत्री–एन.एफ.आई.आर.
नई दिल्ली

विषयः– "ट्रैफिक अप्रेन्टिस" का इनीशियल ग्रेड पे 4600 (लेवल–7) किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

नार्थ सेन्ट्रल रेलवे के ट्रैफिक अप्रेन्टिसो ने प्रत्यावेदन देकर अनुरोध किया है कि रेल मंत्रालय, रेलवे बोर्ड, भारत सरकार से वार्ता कर उनका Entry GP 4600/- (लेवल–7) कराया जाय। इस सम्बन्ध में कृपया निम्न बिन्दुओ पर ध्यान देने की कृपा करे ताकि ट्रैफिक अप्रेन्टिस का Entry GP 4600/- हो सके।

(1) ट्रैफिक अप्रेन्टिस का ग्रेड पे सहायक स्टेशन मास्टर के एन्ट्री ग्रेड पे से सदैव अधिक होता रहा हैं।

(2) सहायक स्टेशन मास्टर जब RRB के माध्यम से ग्रेड पे 2800 में भर्ती होता था तब यातायात प्रशिक्षु की भर्ती ग्रेड पे 4200 (लेवल–6) में किया जाता था।

(3) सहायक स्टेशन मास्टर के एन्ट्री ग्रेड पे 2800 से अधिक ग्रेड पे 4200 में भर्ती होन के परिणामस्वरूप यातायात प्रशिक्षु का कार्य अधिक कठिन व जिम्मेदारी वाला होता है व यातायात प्रशिक्षु को ट्रेनिंग के पश्चात् स्टेशन मास्टर, यार्ड मास्टर, कन्ट्रोलर, यातायात निरीक्षक जैसे महत्वपूर्ण पदो पर सीधे पदस्थ किया जाता है।

(4) अधिक जिम्मेदारी व महत्वपूर्ण कार्य के सम्पादन के साथ–साथ यातायात प्रशिक्षु का अधिक ग्रेड पे होने के कारण उन्हें स्टेशन मास्टर, कन्ट्रोलर, यातायात निरीक्षक की मल्टी स्किल्ड ट्रेनिंग भी दी जाती है व यातायात प्रशिक्षु की ट्रेनिंग 2 वर्ष की होती है।

(5) सातवें वेतन आयोग की रिपोर्ट के पैरा 11.40.52 में सहायक स्टेशन मास्टर का एन्ट्री ग्रेड पे 2800 को अपग्रेड कर ग्रेड पे 4200 कर दिया गया है लेकिन इसी हाइआरकी में एन्ट्री ग्रेड पे 4200 में भर्ती होने वाले यातायात प्रशिक्षुओं की इनीशियल ग्रेड हाईआरकी के अनुसार ग्रेड पे 4600 नही किया गया जिससे यातायात प्रशिक्षुओं में असंतोष व्याप्त है।

अतः अनुरोध है कि यातायात प्रशिक्षुओं को दिये जाने वाले मल्टी स्किल्ड ट्रेनिंग व उनके द्वारा विभिन्न पदो पर किये जा रहे महत्वपूर्ण कार्यो को ध्यान में रखते हुये उनका एन्ट्री ग्रेड पे 4600 (लेवल–7) करने के लिये उचित कार्यवाही करने की कृपा करे ताकि इस कैडर के साथ न्याय हो सके व इस कैडर को MACP का लाभ भी उसी अधिकम में मिल सके।

(आर. पी. सिंह)
महामंत्री